अल्पसंख्यक आयोग का दखल... नर्स ज्योति की मौत के मामले की जांच एसआईटी करेगी

पीजी में 16 अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों मिली थी ज्योति की लाश

भास्कर न्यूज़ | अमृतसर

प्रो. इमैनुअल नाहर।

पिछले दिनों मजीठा रोड के एक निजी अस्पताल में काम करने वाली स्टाफ नर्स ज्योति विलियम की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला अल्पसंख्यक आयोग के दखल के बाद गरमा गया है। आयोग के चेयरमैन प्रो. इमैनुअल नाहर ने मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और डीजीपी पंजाब को लिखा है।

बताते चलें कि खेमकरण निवासी ज्योति का शव 16 अगस्त को अस्पताल में मिला था। स्टाफ नर्स के रूप में काम करने वाली ज्योति के शरीर पर चोटों के निशान थे। उस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने मामले को रफा-दफा करने की भी कोशिश की थी, लेकिन अब इस मामले में आयोग की दखल के बाद नया मोड़ आ गया है।

प्रो. नाहर ने ज्योति के घरवालों को इंसाफ दिलाने का भरोसा दिया और कहा कि दोषियों को जल्द कानून के शिकंजे में लाया जाएगा। उनका कहना है कि उन्होंने इस मामले पर जिले के पुलिस कमिश्नर डॉ. सुखचैन सिंह गिल से भी बात ही है। उनकी ओर से जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन कर दिया गया है। उक्त एसआईटी में एडीसी, एसीपी, एसएचओ को शामिल किया गया है, जिसकी रिपोर्ट आनी है। नाहर का कहना है कि यह अल्पसंख्यकों पर अत्याचार है। इसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। वह पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाए बिना पीछे नहीं हटेंगे।

ज्योति विलियम केस को लेकर सीएम व डीजीपी को लिखा पत्र

जागरण संवाददाता, **अमृतसर** : मजीठा रोड स्थित फ्लोरम अस्पताल में स्टाफ नर्स ज्योति विलियम की मौत के मामले में मान्योरिटी कमीशन ने हस्तक्षेप किया है। आयोग के चेयरमैन प्रोफेसर इमैन्युअल नाहर ने मामले की जांच के लिए मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह व डीजीपी पंजाब को पत्र लिखा है। प्रो. नाहर ने ज्योति के पारिवारिक सदस्यों को विश्वास दिलाया है कि बहुत जल्द आरोपित सलाखों के पीछे होंगे।

अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन प्रो. इमैन्युअल नाहर • जागरण

इस मौके पर उन्होंने अमृतसर के पुलिस कमिश्नर डॉ. सुखचैन सिंह गिल से बातचीत की। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि इस मामले की जांच के लिए सिट का गठन किया है। इसमें एडीसी, एसीपी, एसएचओ को शामिल किया गया है। बहुत जल्द ही मामले की रिपोर्ट तैयार करके ज्योति के पारिवारिक सदस्यों को इंसाफ दिलाया जाएगा।

प्रो. नाहर ने कहा कि वह शीघ्र ही डीजीपी पंजाब से मिलेंगे व पिछले कुछ समय से अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विषय में जानकारी देंगे। पंजाब में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार सहन नहीं होगा।

गौरतलब है 16 अगस्त को खेमकरण निवासी ज्योति विलियम का शव फ्लोरम अस्पताल के हॉस्टल से मिला था। वह इस अस्पताल में स्टाफ नर्स के रूप में कार्यरत थी। ज्योति के शरीर पर चोटों के निशान थे। आरोपितों को बख्शा नहीं जाएगा।

ਜੋਤੀ ਵਿਲੀਅਮ ਮਾਮਲਾ ਘੱਟ ਗਿਣਤੀ ਕਮਿਸ਼ਨ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਚੇਅਰਮੈਨ ਕੋਲ ਪੁੱਜਾ, 'ਸਿੱਟ' ਦਾ ਗਠਨ

ਦੋਸ਼ੀ ਜਲਦ ਹੋਣਗੇ ਸਲਾਖਾਂ ਪਿੱਛੇ : ਪ੍ਰੋ. ਨਾਹਰ

ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ, 29 ਅਗਸਤ (ਲਖਬੀਰ)- ਪਿਛਲੀ ਦਿਨੀਂ ਜੋਤੀ ਵਿਲੀਅਮ ਦੀ ਹੋਈ ਮੌਤ ਦਾ ਮਾਮਲਾ ਹੁਣ ਭਖਦਾ ਨਜ਼ਰ ਆ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਹੁਣ ਇਹ ਕੇਸ ਘੱਟ ਗਿਣਤੀ ਕਮਿਸ਼ਨ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਚੇਅਰਮੇਨ ਪ੍ਰੋ. ਇਮੈਨੂਅਲ ਨਾਹਰ ਕੋਲ ਪੁੱਜ ਚੁੱਕਾ ਹੈ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਸਖਤ ਨੋਟਿਸ ਲੈਂਦਿਆਂ ਮੁੱਖ ਮੰਤਰੀ ਕੈਪਟਨ ਅਮਰਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਡੀ. ਜੀ. ਪੁਲਸ ਦੇ ਧਿਆਨ ਵਿਚ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ 'ਚ ਉਕਤ ਮਾਮਲਾ ਲਿਆ ਦਿੱਤਾ ਹੈ।

ਪ੍ਰੋ. ਨਾਹਰ ਨੇ ਪੀੜਤ ਪਰਿਵਾਰ ਨੂੰ ਭਰੋਸਾ ਦਵਾਇਆ ਕਿ ਦੋਸ਼ੀ ਜਲਦ ਜੇਲ ਦੀਆਂ ਸਲਾਖਾਂ ਪਿੱਛੇ ਹੋਣਗੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਇਸ ਸਬੰਧੀ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਦੇ ਪੁਲਸ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਡਾ. ਸੁਖਚੈਨ ਸਿੰਘ ਨਾਲ ਗੱਲਬਾਤ ਕਰਕੇ 'ਸਿੱਟ' ਦਾ ਗਠਨ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਜਿਸ ਨੇ ਕਾਰਵਾਈ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਹੈ, ਜੋ ਜੋਤੀ ਵਿਲੀਅਮ ਦੇ ਪਰਿਵਾਰਕ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਇਨਸਾਫ ਦਿਵਾਏਗੀ। ਜ਼ਿਕਰਯੋਗ ਹੈ ਕਿ ਜੋਤੀ ਵਿਲੀਅਮ ਦੇ ਮਾਪਿਆਂ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਮਰਥਕਾਂ ਨੇ ਦੋਸ਼ ਲਾਏ ਹਨ ਕਿ ਜੋਤੀ ਦੀ ਭੇਤਭਰੇ ਹਾਲਾਤ ਵਿਚ ਲਾਸ਼ ਸਥਾਨਕ ਫਲੋਰਮ ਹਸਪਤਾਲ ਵਿਚੋਂ ਮਿਲੀ ਸੀ , ਜਿਸ ਉੱਪਰ ਗੰਭੀਰ ਸੱਟਾਂ ਦੇ ਨਿਸ਼ਾਨ ਸਨ ਅਤੇ ਉਹ ਇਸੇ ਹਸਪਤਾਲ ਵਿਚ ਨਰਸ ਵਜੋਂ ਕੰਮ ਕਰਦੀ ਸੀ, ਜਦਕਿ ਹਸਪਤਾਲ ਪ੍ਰਬੰਧਕਾਂ ਵੱਲੋਂ ਕੇਸ ਨੂੰ ਰਫਾ-ਦਫਾ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਸੀ। ਇਹ ਮਾਮਲਾ ਘੱਟ ਗਿਣਤੀ ਕਮਿਸ਼ਨ ਦੇ ਚੇਅਰਮੇਨ ਕੋਲ ਆਉਣ ਕਾਰਣ ਮੁੜ ਗਰਮਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਚੇਅਰਮੇਨ ਇਮੈਨੂਅਲ ਨਾਹਰ ਨੇ ਆਖਿਆ ਕਿ ਘੱਟ ਗਿਣਤੀ ਲੋਕਾਂ ਨਾਲ ਧੱਕੇਸ਼ਾਹੀ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।